**मध्य प्रदेश शासन**
**उच्च शिक्षा विभाग**
**मंत्रालय**

क्रमांक / 3570 / /NSS / 14 / अड़तीस, भोपाल, दिनांक 20 / 06 / 2014

प्रति,

1. **कार्यक्रम समन्वयक,**
   **समस्त रासेयोयुक्त विश्वविद्यालय,**
   **मध्य प्रदेश।**
2. **कार्यक्रम समन्वयक,रासेयो**
   **अतिरिक्त संचालक,उच्च शिक्षा,**
   **क्षेत्रीय कार्यालय,**
   **शा. कला/वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय,परिसर**
   **सागर, मध्य प्रदेश।**

**विषयः**—रासेयो— राज्य स्तर पुरस्कार/प्रशस्ति के लिए प्रस्ताव वर्ष 2013—14 भेजने संबंधी।

**संदर्भः**—म0प्र0 राज्य स्तर राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार/प्रशस्ति संशोधित मार्गदर्शिका वर्ष 2014

—0—

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के अनुक्रम में लेख है कि पुरस्कार मार्गदर्शिका में उल्लेखित प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करते हुये वर्ष 2013—14 के लिये प्रस्ताव विश्वविद्यालयीन स्तरीय चयन समिति की अनुशंसा सहित दिनांक 25/07/2014 तक विभाग को उपलब्ध करायें।

**संलग्न**—म0प्र0राज्य स्तर पुरस्कार/प्रशस्ति संशोधित मार्गदर्शिका वर्ष 2014 की प्रति।

**(प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अनुमोदित)**

20/6/14

**( डॉ. आर. के. विजय )**
उप सचिव,
(राज्य सम्पर्क अधिकारी,रासेयो)
म.प्र.शासन,उच्च शिक्षा विभाग
दूरभाष— 0755 2512223

पृ. क्रमांक / 3571 / /NSS / 14 / अड़तीस, भोपाल, दिनांक 20 / 06 / 2014

**प्रतिलिपिः—**

1. निज सहायक, मान. मंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग।
2. निज सहायक, प्रमुख सचिव, मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
3. निज सहायक, ओ.एस.डी.सह आयुक्त, उच्च शिक्षा, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
4. निज सहायक, आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश, भोपाल।
5. समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
6. समस्त प्राचार्य, रासेयोयुक्त संस्थाएं, महाविद्यालय एवं +2 विद्यालयों की ओर सूचनार्थ।
7. कुल सचिव, समस्त रासेयोयुक्त विश्वविद्यालय एवं अतिरिक्त संचालक,उच्च शिक्षा, क्षेत्रीय कार्यालय शा. कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय, परिसर सागर की ओर सूचनार्थ।
8. युवा अधिकारी एवं प्रमुख, भारत सरकार,युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय रासेयो, क्षेत्रीय केन्द्र, ई—1/123, अरेरा कॉलोनी, भोपाल की ओर सूचनार्थ।

20/6/14

उप सचिव,
(राज्य सम्पर्क अधिकारी,रासेयो)
म.प्र.शासन,उच्च शिक्षा विभाग

RKV

# मध्यप्रदेश राज्य स्तर राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार/प्रशस्ति

## मार्गदर्शिका

मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल (म.प्र.)

**भूमिका** :– राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस) महात्मा गाँधी जन्म शताब्दी वर्ष (1969) में शुरू की गई थी। उसी वर्ष से मध्यप्रदेश में भी दो विश्वविद्यालयों सागर एवं इन्दौर के माध्यम से यह योजना प्रारंभ हुई थी, जिसमें 470 राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवक शामिल हुए थे। आज की स्थिति में 131000 से अधिक राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवक इस योजना में शामिल हैं, जो सात विश्वविद्यालय क्षेत्र के एवं +2 स्तर के विद्यालयों में फैले हुए हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना का उददेश्य सामुदायिक सेवा के जरिये छात्रों के व्यक्तित्व का विकास करना हैं इस उददेश्य की पूर्ति के लिए छात्र– स्वयं सेवकों तथा कार्यक्रम अधिकारियों को सकारात्मक और उत्पादक कार्यों में लगाया जाता है। जिसमें श्रमदान, सामाजिक सुधार, सामुदायिक सौहार्द, सामुदायिक परिसम्पत्ति का निर्माण, सहायता कार्य, रक्तदान, पर्यावरण सुरक्षा, साक्षरता अभियान, स्वास्थ्य शिक्षा अभियान आदि जैसे विभिन्न अभियानों में छात्रों को शामिल किया जाता है। योजना के अंतर्गत स्वयं सेवक को दो वर्ष की अवधि में 240 घंटे का सामुदायिक कार्य करना होता है। किन्तु जो स्वयं सेवक सी प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहते हैं उन्हें तीसरे वर्ष भी पंजीबद्ध होना पडता है और 120 घंटे कार्य करना पडता है।

राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों, कार्यक्रम अधिकारियों, राष्ट्रीय सेवा योजना (ईकाई) संस्थाओं एवं विश्वविद्यालयों द्वारा की गई स्वैच्छिक सेवा को अभिस्वीकृति प्रदान करने के लिए योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन/पुरस्कार प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

लक्ष्यः—

(क) विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठों, कार्यक्रम अधिकारियों (महाविद्यालय/+2 स्तर विद्यालय) राष्ट्रीय सेवा योजना (ईकाई) संस्थाओं तथा राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र स्वयं सेवकों की सामुदायिक सेवा में किए गए उत्कृष्ट योगदान को अभिस्वीकृति प्रदान करना ।

(ख) राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र स्वयं सेवकों को सामुदायिक सेवा और सकारात्मक सामाजिक प्रवृत्तियों और मूल्यों के जरिये उनके व्यक्तित्व विकास के लिए प्रोत्साहित करना।

**पुरस्कार का नाम**

मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार /प्रशस्ति –

**पुरस्कार/प्रशस्ति का स्वरूप –**

| क्रं. | स्तर | पुरस्कारों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | विश्वविद्यालय स्तरीय (कार्यक्रम समन्वयक) | 1 |
| 2 | जिला स्तरीय (रासेयो जिला संगठक) | 2 |
| 3 | संस्था स्तर (ईकाई) सम्मान | 12 |
| 4 | राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी स्तर + 2 विद्यालय स्तर पर 04 पुरस्कार जिसमें से 01 महिला ईकाई आवश्यक है 08 महाविद्यालय स्तर पर 8 जिनमें 02 महिला इकाई आवश्यक है। | 12 |
| 5 | राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवक स्तर<br>05 पुरस्कार +2 विद्यालय के विद्यार्थियों को) जिसमें 01 छात्रा स्वयंसेवक आवश्यक है। (13 महाविद्यालय जिसमें 03 छात्रा स्वयंसेवक आवश्यक तथा | 18 |

**पुरस्कार /प्रशस्ति हेतु पात्रता :**

**(एक)** अ–विश्वविद्यालय स्तर

क– विगत पॉच वर्षों की गतिविधियॉ

ख– स्वयं सेवकों की संख्या 10,000 से कम न हो

ग– अपनी कार्यक्रम रिपोर्ट और वित्तीय लेखा प्रस्तुत करने में समय के पाबंद हों।

घ– जिस वर्ष के लिए पुरस्कार/प्रशस्ति हेतु विचार किया जा रहा है उससे कम से कम तीन वर्ष पहले तक लगातार विशेष शिविर का लक्ष्य और वास्तविक नामांकन प्राप्त कर लिया हो।

च–विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय स्तर पर विगत पाँच वर्षों में भागीदारी रही हो जैसे राष्ट्रीय एकता शिविर, दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड।

छ– किसी राष्ट्रीय कार्यक्रमों का कियान्वयन किया गया हो अथवा पुरस्कार प्राप्त किया गया हो। जैसे–एडस, पल्स पोलिया,मानव अधिकार, प्राकृतिक आपदा, पर्यावरण संरक्षण, पुरातत्विक धरोहर का संरक्षण एवं इंदिरा गांधी एन.एस.एस. पुरस्कार आदि।

ज– उसके विरूद्ध कोई आपराधिक प्रकरण या जॉच लम्बित न हो।

**(दो) जिला स्तर –**

**(अ)** जिले की इकाईयों द्वारा सकिय होकर समस्त गतिविधियाँ निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के साथ संचालित की गई तथा जिले की इकाइयों में 80 प्रतिशत से अधिक विशेष शिविरों का आयोजन हुआ हो।

(ख) नियमित गतिविधियों एवं शिविर संचालन में भरपूर सहयोग किया गया हो,

(ग) उसके विरूद्ध कोई आपराधिक प्रकरण या जाँच लंबित न हो।

(घ) जिले की इकाईयों का राज्य स्तर राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों में सहभागिता एवं आयोजन में सहयोग को महत्त्वपूर्ण माना जायेगा।

(ड़) जिला का परिवर्तित शिविर एवं अन्य जिला स्तरीय आयोजनों राज्य स्तर के कार्यक्रमों में सहयोग को अधिमान्यता दी जाएगी।

**(तीन) संस्था इकाई स्तर –**

(अ) जिस वर्ष के लिए पुरस्कार पर विचार किया जा रहा है उसके पहले के पाँच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना संस्था (इकाई) लगातार अस्तित्व में रही हो।

(क) उन्हीं संस्थाओं/इकाई को प्रशस्ति प्रदान की जाएगी। जिनके कार्यक्रम अधिकारी को इस वर्ष का राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्राप्त हो रहा हो।

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान (इकाई) संस्था ने अपना नामांकन और विशेष शिविर लक्ष्य लगातार प्राप्त किया हो।

(ग) जिस राष्ट्रीय योजना संस्था में एक से अधिक राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई हो ऐसी संस्था ने अपना नामांकन और शिविर लक्ष्य पूर्ण कर लिया हो एवं एन.एस.एस संस्था द्वारा परिसर गोद लिए गए ग्राम/झुग्गी बस्तियों में स्थाई सम्पत्ति निर्मित की गई हो अथवा निर्माण कार्य में सहयोग दिया हो।

(घ) नियमित गतिविधियों एवं शिविरों में व्यक्तित्व विकास के लिये अन्य एजेंसियों के साथ कार्यक्रम कर आयोजन अनिवार्य रूप से किया हो एवं स्वयंसेवकों की भागीदारी राज्य एवं राष्ट्रीय सभी कार्यक्रमों में हो उसे महत्त्वपूर्ण माना जाएगा।

(ड़) कार्यक्रम अधिकारियों की नियुक्तियाँ रासेयो मार्गदर्शिका/रूप रेखा के अनुसार की गई हो।

**(चार) कार्यक्रम अधिकारी स्तर :–**

(अ) कार्यक्रम अधिकारी के रूप में न्यूनतम तीन वर्ष पूरे किये हों।

(क) सूच्यांकित प्रशिक्षण संस्थान म.प्र. (ETI) एवं अभिविन्यास केन्द्र द्वारा प्रशिक्षित होना चाहिए प्रशिक्षण को विशेष अधिमान्यता दी जाएगी क्योंकि (प्रशिक्षण की अनिवार्यता विभागीय आदेश क/रासेयो/08/38/377 दिनांक 22 अगस्त 2008 समाप्त कर दी गई है।)

(ख) कार्यक्रम अधिकारी द्वारा रासेयो की समस्त गतिविधियाँ विशेष शिविर निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के साथ संचालित की हो।

(ग) संबंधित कार्यक्रम अधिकारी की इकाई के स्वयंसेवकों ने 120 घण्टे के पाठ्यक्रम अनुसार +2 स्तर के हैं। तो 'ए.' प्रमाण–पत्र/स्नातक स्तर के है तो 'बी.एवं सी.' प्रमाण–पत्र प्राप्त करने का लक्ष्य प्राप्त किया हो, न्यूनतम 40 प्रतिशत

(घ) संबंधित कार्यक्रम अधिकारी संस्था में विगत तीन वर्षों से निरन्तर कार्य करते हुए उल्लेखनीय सफलता अर्जित की हो।

18/8/15

(ङ) इकाई के स्वयंसेवकों ने राज्य स्तर राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों में अनिवार्य रूप से सहभागिता की है।

(च) इसके विरूद्ध कोई आपराधिक प्रकरण या अन्य जाँच लंबित न हो।

(छ) विश्वविद्यालय में राज्य स्तर के कार्यक्रम एवं शिविरों के आयोजन में सहयोग को महत्त्वपूर्ण माना जाएगा साथ ही राष्ट्रीय स्तर के एक कार्यक्रम में सहभागिता अनिवार्य है। एक से अधिक कार्यक्रमों में सहभागिता को अधिमान्यता दी जाएगी।

**टीपः**—संस्था/कार्यक्रम अधिकारी द्वारा नियमित गतिविधियों विशेष शिविरों के अन्तर्गत 03 वर्षों में गतिविधियों के माध्यम से प्राप्त उल्लेखनीय सफलता के तुलनात्मक विवरण प्रमाण सहित प्रस्तुत करना होगा। यह अनिवार्य है एवं महत्त्वपूर्ण माना जाएगा।

**(पाँच ) स्वयं सेवक स्तर :–**

**(क–1)** विद्यालय स्तर (+2) राष्ट्रीय सेवा योजना में दो वर्ष की न्यूनतम सेवा पूरी की हो। तथा 120 घण्टे के आधार पर प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम के अन्तर्गत "ए" प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो।

**(क–2)** महाविद्यालय स्तर (+2 +3) राष्ट्रीय सेवा योजना में तीन वर्ष की सेवा पूरी की हो। तथा 120 घण्टे के आधार पर बने प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम के अन्तर्गत 'ए' 'बी' अथवा 'बी' 'सी' प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो।

(ख) कम से कम एक संस्था स्तर विशेष शिविर में भाग लिया हो। परिवर्तित शिविर जिला स्तर, विश्वविद्यालय स्तर, राज्य स्तर, में सहभागिता को महत्त्वपूर्ण माना जाएगा।

(ग) दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड शिविर, राष्ट्रीय मेगा शिविर, राष्ट्रीय साहसिक गतिविधि शिविर, पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर, राष्ट्रीय एकता शिविर/ प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि में भाग लेने वाले स्वयं सेवकों को अधिमान्यता दी जाएगी।

(घ) जिस वर्ष के पुरस्कार के लिए अभ्यावेदन प्राप्त होता है उस वर्ष स्वयं सेवक को संस्था और रासेयो का नियमित विद्यार्थी होना चाहिए।

**(घ–1)** पुरस्कार वर्ष 31 मार्च को स्वयंसेवक की आयु 25 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये। प्रमाण हेतु हाई–स्कूल की अंकसूची संलग्न करें अनुसूचित जाति/जनजाति को तीन वर्ष की छूट दी जाएगी।

(ङ) स्वयं सेवक ने लगातार विद्यालय स्तर पर दो वर्षों में कम से कम 240 घंटे एंव महाविद्यालय स्तर पर 240+120 घण्टे की सामुदायिक सेवा पूरी की हो।

(च) उसका शैक्षणिक निष्पादन भी काफी अच्छा रहा हो।

**(छ) चयन की प्रकिया प्रत्येक स्तर पर (कमशः)**

प्रत्येक स्तर के पुरस्कार प्रस्ताव चयन समिति की अनुशंसा से भेजे जायेगें। चयन समिति का स्वरूप निम्नलिखित अनुसार होगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | संस्था (इकाई) स्तर/कार्यक्रम अधिकारी स्तर/ स्वयं सेवक स्तर समिति। | महाविद्यालय स्तर पर गठित रासेयो सलाहकार समिति में से 3 सदस्य |
| 2 | विश्वविद्यालय स्तर समिति | विश्वविद्यालय स्तर पर गठित रासेयो सलाहकार समिति के 03 सदस्य |
| 3 | राज्य स्तरीय समिति | 1. माननीय मंत्रीजी (उच्चशिक्षा) अध्यक्ष<br>2. प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा सदस्य<br>3. आयुक्त उच्च शिक्षा सदस्य<br>4. आयुक्त स्कूल शिक्षा सदस्य<br>5. एक कुलपति सदस्य (अध्यक्ष द्वारा मनोनीत)<br>6. स्वयं सेवी संस्था का एक सदस्य प्रतिनिधि<br>7. रासेयो क्षेत्रीय कार्यालय सदस्य, भारत सरकार के प्रमुख<br>8. राज्य सम्पर्क अधिकारी रोसेयो |

विश्वविद्यालय स्तर चयन समिति में कार्यक्रम समन्वयक और राज्य स्तर पर, राज्य सम्पर्क अधिकारी पदेन सचिव एवं प्रस्तुतकर्ता होंगे।

18/6/15

**पुरस्कार/प्रशस्ति की प्रकृति :**

मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार/प्रशस्ति निम्नलिखित अनुसार प्रदान किये जायेंगे।

| क्र | पुरस्कार स्तर | संख्या | राशि व्यक्तिगत विकास कार्यक्रम | | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विश्वविद्यालय (कार्यक्रम समन्वयक) | 1 | सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र और शाल | – | – |
| 2 | जिला स्तर (जिला संगठक) | 2 | सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र और शाल | – | – |
| 3 | संस्था (ईकाई) स्तर | 12 | सम्मान स्वरूप प्रमाण पत्र शाल | – | – |
| 4 | कार्यक्रम अधिकारी स्तर | 12 | रू 12000/– | 1,44,000/– | |
| 5 | स्वयं सेवक स्तर | 18 | रू 6000/– | 1,08000/– | – |

पुरस्कार /प्रशस्ति हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने की तिथि :–

| | | |
|---|---|---|
| क | स्वयं सेवक कार्यक्रम अधिकारी (इकाई) स्तर | क्षेत्र के विश्वविद्यालयों की अनुशंसा सहित प्रस्ताव 15 जुलाई तक भेजे जायेंगे। |
| ख | स्वयं सेवक/कार्यक्रम अधिकारी/संस्था जिला /विश्वविद्यालय | सभी प्रस्ताव राज्य शासन को अनुशंसा सहित 25 जुलाई तक भेजे जायेंगे। |

**पुरस्कार/प्रशस्ति पत्र देने की तिथि :–**

पुरस्कार यथासंभव प्रत्येक वर्ष 24 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर दिया जायेगा।

**पुरस्कार /प्रशस्ति पत्र हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप :–**

संलग्न निर्धारित प्रारूप में ही पुरस्कार के प्रस्ताव भेजे जायेंगे ।

क– परिशिष्ट–1 के अनुसार विश्वविद्यालय तथा जिला स्तर के प्रस्ताव।

ख– परिशिष्ट–2 के अनुसार संस्था (ईकाई) स्तर एवं कार्यक्रम अधिकारी स्तर के प्रस्ताव।

ग– परिशिष्ट–3 के अनुसार रासेयो स्वयं सेवकों के प्रस्ताव।

**नोट :–**

**अ–** समस्त विश्वविद्यालय संस्था एवं जिले से प्राप्त प्रस्तावों का परीक्षण विश्वविद्यालय स्तरीय सलाहकार चयन समिति से कराकर अपनी अनुशंसा के साथ राज्य शासन को 25 जुलाई तक भेजेंगे।

**ब–** किसी भी विश्वविद्यालय से संस्था/कार्यक्रम अधिकारी स्तर पर 4 एवं स्वयं सेवक स्तर के प्रस्ताव पांच से अधिक नहीं भेजे जायेंगे।

**स–** आवेदन पत्रों पर संबंधित के नवीनतम पासपोर्ट साइज के छाया चित्र चिपकाए जायें (अनिवार्य रूप से)

द– अनुसूचित जाति एवं जनजाति के स्वयंसेवकों के जाति प्रमाण–पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न करेंगे। (प्रमाण–पत्र कार्यक्रम समन्वयक द्वारा अभिप्रमाणित होना चाहिए।)

ध. स्वयंसेवक स्तर पर +2 में न्यूनतम 2 वर्ष एवं स्नातक स्तर पर न्यूनतम 3 वर्ष एवं अधिकतम 6 वर्ष के कार्य का ही मूल्यांकन किया जाएगा।

न– पुरस्कार/प्रशस्ति आवेदन में आवेदक का घोषणा–पत्र संस्था का प्रमाण पत्र (विश्वविद्यालय स्तर पर कुलसचिव) का एवं 2 सहयोगी/समाजसेवी संस्थाओं का तृतीय पक्ष (सोशल ऑडिट) प्रमाण–पत्र अनिवार्य रूप से लगा होना चाहिऐ।

प– विश्वविद्यालय स्तर पुरस्कार में कुलपति जी एवं अन्य पुरस्कारों में कार्यक्रम समन्वयक रोसेयो प्रकोष्ठ की स्पष्ट अनुशंसा टीप होनी चाहिये।

फ. प्रस्तुत पुरस्कार आवेदन में अधिकतम 2 पृष्ठ की कार्य संक्षिप्त विवरण अनिवार्य लगाये।

**टीप–** जिनका पुरस्कार हेतु चयन किया जाता है वे पुनः पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आगामी –4 वर्ष तक आवेदन नहीं कर सकेंगे। उसके पश्चात ही आवेदन करने की पात्रता होगी।

परिशिष्ट –1

## विश्वविद्यालय जिला स्तर (जिला संगठक)
## प्रशस्ति पत्र हेतु आवेदन का प्रारूप

नवीनतम फोटो

1 विश्वविद्यालय का नाम व पूरा पता :

2 कुलपति का नाम :

3 रजिस्ट्रार/प्राचार्य का नाम (जो लागू हो) :

4 कार्यक्रम समन्वयक/जिला संगठक का नाम (जो लागू हो) :

5 कार्यक्रम समन्वयक/जिला संगठक का पता फोन नं0 ई–मेल सहित (जो लागू हो)

6 विगत दो वर्षों में महाविद्यालय +2 स्तर विद्यालय को अनुदान जारी करने में नियमितता तिथि सहित बताए।

7 विगत दो में तिमाही और अर्द्धवार्षिक नियमितता तिथि सहित बताएं। (राज्य स्तर रासेयो प्रकोष्ठ का प्रमाण–पत्र लगायें।) :

8 पिछले तीन वर्षों में विशेष शिविर लक्ष्य एवं उपलब्धियॉं :

| वर्ष | लक्ष्य | वास्तविक | अन्य |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |

:

18/8/17

9 विश्वविद्यालय/जिला के अधीन कार्यरत रासेयो इकाईयों की संख्या (सूची संलग्न करें)

10 सम्पूर्ण साक्षरता अभियान एवं अन्य जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत गोद लिए गए ग्रामों/बस्तियों/समुदाय की (संख्या की सूची संलग्न की जाए) :

11 गोद लिए ग्रामों/बस्तियों/समुदाय जिन्हें सम्पूर्ण रूप से साक्षर/पूर्णजागरूक किया गया का उल्लेख करें। (अधिकारिक प्रमाण–पत्र संलग्न करें)। :

12 पिछले पॉच वर्षो के दौरान विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ के विरूद्ध लंबित पडे हुए अपराधिक प्रकरण का जॉच का ब्यौरा तथा उसके परिणाम की जानकारी। (यदि कोई है तो) :

13 विगत 3 वर्षो में 120 घंटे के आधार पर बने ए.बी.सी प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम अनुसार का कार्य पूर्ण करने वाले एनएसएस स्वयं सेवक का प्रतिशत (प्रतिवर्ष के आंकड़े स्पष्ट रूप से संलग्न करें।) :

14 पिछले तीन वर्षो के दौरान कार्यक्रम को नेतृत्व प्रदान करने में कार्यकम समन्वयक/जिला संगठक की पहल उनकी सूची और उपलब्धियॉ (वर्षवार विस्तृत विवरण अलग से संलग्न करें) :

15. विगत तीन वर्षो में विश्वविद्यालय/ जिले के स्वयंसेवक कार्यक्रम अधिकारियों की राज्य स्तर, राष्ट्रीय स्तर, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम एवं शिवरों में सहभागिता, आयोजन में सहयोग का विवरण।

15 पिछले तीन वर्षों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में एन एस एस में उत्कृष्ट योगदान (तथ्यात्मक एवं प्रमाणित आंकडों सहित अलग से संलग्न करें) :

| वर्ष | बीजारोपण / रोपित पौधों की संख्या, एन.एस.एस. वाटिका का निर्माण | आयोजित रक्तदान शिविरों की संख्या एवं कुल रक्तदान | स्वास्थ्य जागस्कता, एड्स जागरूकता शिविर, रैली, | कुल पूर्ण साक्षर, शिक्षा के लिये अभिप्रेरित व्यक्तियों की संख्या बुक बैंक का निर्माण | बेटी बचाओ, मतदाता जागरूकता, कार्यक्रम एवं रैली | पल्स पोलियों, मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम एवं रैली | अचल सम्पत्ति का निमार्ण / मरम्मत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

16 विगत दो वर्षो में परिक्षेत्र की इकाई में कार्यक्रम आयोजन / सहयोग, निरीक्षण हेतु भ्रमण। (विस्तृत विवरण) :

17 अब तक प्राप्त किए गए प्रत्यक्ष और प्रगणकीय समवेत परिणाम

18 संबंधित विश्वविद्यालय के रासेयो संबंधी अन्य टिप्पणी यदि आवश्यक हो। :

**कुल सचिव**
**के हस्ताक्षर सील सहित**

**कार्यक्रम समन्वयक / जिला संगठक का रासेयो के हस्ताक्षर सील सहित**

**कुलपति के हस्ताक्षर सील सहित**

नोटः–

1. विश्वविद्यालय के प्रकरण में संबंधित विश्वविद्यालय के कुलपति एवं जिला संगठक के प्रकरण में संबंधित विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक अनुशंसात्मतक टीप देंगे।
2. अधूरे आवेदन पत्र को निरस्त किया जाएगा और इस संबंध में अलग से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

18/8/17

परिशिष्ट–2

## संस्था (ईकाई) और कार्यक्रम अधिकारी स्तर के पुरस्कार हेतु आवेदन का प्रारूप

नवीनतम फोटो

1 विश्वविद्यालय का नाम :

2 संस्था (इकाई) का नाम :

3 प्राचार्य का नाम :

4 कार्यक्रम अधिकारी रासेयो का नाम पता एवं सम्पर्क सूत्र ई–मेल सहित :

5 कार्यक्रम अधिकारी की जन्मतिथि :

6. कार्यक्रम अधिकारी का लिंग पु/म.

7. रासेयो इकाई के कार्यक्रम अधिकारी के रूप में सेवा अवधि (नियुक्ति पत्र की छायाप्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करें।)

8 यदि प्रशिक्षित है तो प्रशिक्षण का वर्ष एवं स्थान प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें। :

9 राष्ट्रीय सेवा योजना (इकाई) संस्था जिसकी पुरस्कार हेतु अनुशंसा की गई है की स्थापना होने का वर्ष साथ ही यह भी प्रमाणित करें कि यह इकाई स्थापना वर्ष से वर्तमान तक निरंतर कार्यरत है। :

10 पिछले तीन वर्षों में रासेयो स्वयं सेवको का :

वास्तविक आवंटन लक्ष्य और पंजीयन

| वर्ष | लक्ष्य | वास्तविक पंजीयन | अन्य |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |

11 पिछले तीन वर्षों के दौरान विशेष शिविर में लक्ष्य उपलब्धि

| वर्ष | लक्ष्य | उपलब्धि | अन्य |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |

12 गोद लिए गए ग्रामों/बस्तियों/समुदाय के नाम (सरपंच/ग्राम प्रधान या व्यक्ति का नाम जिनसे सम्पर्क करना है)। की सूची संलग्न करें तथा संख्या से दूरी का उल्लेख करें। :

13 गोद ग्रामों/बस्ति में साक्षरता/जागरूकता प्राप्ति का प्रतिशत और इसकी रासेयो स्वयं सेवकों को योगदान आंकडे सहित :

14 पिछले दो वर्षों के दौरान सृजित अचल सम्पत्तियाँ तथा अन्य उपलब्धियाँ (अलग से संलग्न करें) :

18/8/17

15 विगत तीन वर्षो की उपलब्धियां

| वर्ष | बीजारोपण पौधों की संख्या, एन. एस.एस. वाटिका का निर्माण | आयोजित रक्तदान शिविरों की संख्या एवं कुल रक्तदान | स्वास्थ्य जागरूकता, एड्स जागरूकता शिविर, रैली, | कुल पूर्ण साक्षर, शिक्षा के लिये अभिप्रेरित व्यक्तियों की संख्या बुक बैंक का निर्माण | बेटी बचाओं, मतदाता जागरूकता, कार्यक्रम एवं रैली | पल्स पोलियों, मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम एवं रैली | अचल सम्पत्ति का निमार्ण /मरम्मत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

16 विगत तीन वर्षो में रासेयो स्वयंसेवको का ए.बी.सी. प्रमाण प्रत्र प्राप्त करने का लक्ष्य एवं प्रतिशत वास्तविक लक्ष्य एवं उपलब्धि।

| वर्ष | लक्ष्य | उपलब्धि | अन्य |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |

17. पिछले दो वर्षों के दौरान रासेयो स्वयं सेवकों और अन्य स्थानीय विकास एजेन्सियों को शामिल करते हुए कार्यकम/कार्यकलापों को सुदृढ़ करने में कार्यक्रम अधिकारी द्वारा की गई पहले (प्रतिवेदन संलग्न करें)

18 (अ)विगत तीन वर्षों के प्रतिवेदन प्रस्तुत करने में नियमितता तिथि सहित। :

(ब) विगत तीन वर्षो में संस्था के स्वयंसेवकों की वि.वि. राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर के शिविरों में सहभागिता की सूची।

19 विगत तीन वर्षो कार्यक्रम अधिकारी द्वारा परिवर्तित जिला, वि.वि. राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर के शिविर कार्यक्रमों में सहभागिता एवं आयोजन सहयोग का विस्तृत विवरण प्रमाणपत्रों सहित

20 क्या कार्यक्रम अधिकारी को किसी न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया गया अथवा उसके विरूद्ध कोई मामला लंबित है।

21 अभियुक्ति यदि कोई हो :

हस्ताक्षर कार्यक्रम अधिकारी
सील सहित

हस्ताक्षर संस्था प्रमुख/प्राचार्य
सील सहित

कुलपति/कुलसचिव
हस्ताक्षर सील सहित

कार्यक्रम समन्वयक
रासेयो के हस्ताक्षर
सील सहित

नोटः–

1. अधूरा आवेदन पत्र निरस्त किया जायेगा और इस संबंध में अलग से कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा।
2. संस्था एवं कार्यक्रम अधिकारी स्तर दोनों को प्रस्ताव इसी प्रारूप में भेजे जायेंगे।

18/6/17

परिशिष्ट–3

## स्वयं सेवक स्तर के पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

नवीनतम फोटो

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विश्वविद्यालय का नाम | : | |
| 2 | संस्था का नाम पूरा पता सहित | : | |
| 3 | प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी रासेयो का नाम | : | |
| 4 | रासेयो स्वयं सेवक का नाम | : | |
| 5 | लिंग | : | पुरूष महिला |
| 6 | कक्षा जिसमें छात्र अध्ययनरत हैं | : | |
| 7 | निवास का पूरा पता दूरभाष ई–मेल सहित | : | |
| 8 | जन्मतिथि (हाई–स्कूल अंकसूची के अनुसार) | : | |
| 9 | जाति (यदि अनुसूचित जाति/ जन जाति का हो तो प्रमाण पत्र छायाप्रति संलग्न करें) | : | |
| 10 | विगत दो/तीन वर्षों (जो लागू हो) में रासेयो स्वयं सेवक द्वारा पूरे किए गए कार्य के घंटे (ए.बी.सी. प्रमाण पत्र प्राप्त हो छायाप्रति संलग्न करें)। | : | |

11 रासेयो स्वयं सेवक के कार्य की अवधि : कब से कब तक

| वर्ष | बीजारोपण पौधों की संख्या, एन. एस.एस. वाटिका का निर्माण | आयोजित रक्तदान शिवरों की संख्या एवं कुल रक्तदान | स्वास्थ्य जागरूकता, एड्स जागरूकता शिविर, रैली, | कुल पूर्ण साक्षर व्यक्तियों की संख्या, शिक्षा के लिये अभिप्रेरित व्यक्तियों की संख्या बुक बैंक का निर्माण | बेटी बचाव, मतदाता जागरूकता, कार्यक्रम एवं रैली | पल्स पोलियों, मलेरिया उनमूलन कार्यक्रम एवं रैली | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

12 क्या रासेयो स्वयं सेवक डायरी का संधारण करता है – तदनुसार गतिविधियॉ का उल्लेख (मूल रासेयो डायरी की छायाप्रति संलग्न करें।) :

13 अ. कितने रासेयो विशेष शिविरों में भाग लिया है प्रत्येक शिविर का ब्यौरा दें : वर्ष

ब. कितने परिवर्तित शिविरों में सहभागिता की प्रत्येक का ब्यौरा दें।

14 राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम /प्रशिक्षण में भाग लिया हो तो वर्ष सहित ब्यौरा दें :

15 रक्तदान/नेत्रदान प्रतिज्ञा/वृक्षारोपण /पर्यावरण संरक्षण/साक्षरता/ स्वास्थ्य

18/6/17

शिक्षा / एडस जागरूकता / सामुदायिक विकास इत्यादि का व्यक्तिगत उपलब्धि ब्यौरा दें।

16 अपनाये गये समुदाय में समाज की आर्थिक स्थितियों को उपर उठाने में अन्य युवाओं को प्रेरित करने में नेतृत्व का गुण और अन्य पहल विवरण प्रमाण पत्र सहित उल्लेख करें। :

17 क्या स्वयंसेवक न्यायालय द्वारा कभी दोषी ठहराया गया है अथवा उनके विरूद्ध आपराधिक मामला लंबित है।

18 सामान्य प्रकृति :

19 शिक्षा परिदृश्य

| कक्षा | उत्तीर्ण करने का वर्ष | विषय | अंक / प्रतिशत | विशेष उपलब्धि |
|---|---|---|---|---|
| हाई–स्कूल | | | | |
| हायर सेकेण्डरी | | | | |
| स्नातक | | | | |
| स्नातकोत्तर / अन्य | | | | |

20 कोई उत्कृष्ट प्रदर्शन या उपलब्धियाँ प्राप्त की गई हो तो सम्पूर्ण तथ्यात्मक ब्यौरा प्रमाण सहित संलग्न करें।

18/6/17

रासेयो स्वयंसेवक के हस्ताक्षर

रासेयो कार्यक्रम अधिकारी
के हस्ताक्षर सील सहित

संस्था प्रमुख / प्राचार्य
के हस्ताक्षर सील सहित

कार्यक्रम समन्वयक रासेयो
के हस्ताक्षर सील सहित

कुलसचिव / कुलपति
के हस्ताक्षर सील सहित

नोटः– अधूरा आवेदन पत्र निरस्त किया जायेगा और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा।

R 18/6/17